# लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश
## गौतम नगर भोपाल–462023

क्रमांक / मान्यता / जे / सीबीएसई / 2025 / 61 भोपाल दिनाक 15/01/2026

प्रति,

1. समस्त संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, सभाग.म.प्र. ।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी जिला म.प्र.।
3. समस्त अशा. संस्था अध्यक्ष / सचिव / प्राचार्य हाईस्कूल / हा.से सीबीएसई / आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड म.प्र।

विषय–सीबीएसई / आईसीएसई / अन्य बोर्ड की नवीन मान्यता / अपग्रेडेशन / नवीनीकरण मान्यता वर्ष 2027–28 हेतु https://manyta.dpimp.in/के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की समय सारिणी।

–00–

विषयान्तर्गत लेख है कि सीबीएसई,आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड द्वारा संचालित अशासकीय स्कूलों की वर्ष 2027–28 से मान्यता नवीनीकरण / नवीन मान्यता प्रदान करने तथा उक्त कार्यवाही के साथ–साथ शासन से अनापत्ति प्राप्त की जाने संबंधी कार्यवाही हेतु दिनांक 15.01.2026 से https://manyta.dpimp.in/ पोर्टल खोला जा रहा है। इस हेतु पात्र सभी इच्छुक अशासकीय विद्यालयों को नवीन मान्यता / अपग्रेडेशन / मान्यता नवीनीकरण हेतु https://manyta.dpimp.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाना होगा। उक्तानुसार ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार समय सारिणी निर्धारित की जाती हैः–

| स.क्र. | की जाने वाली कार्यवाही | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | मान्यता नवीनीकरण / नवीन मान्यता / अपग्रेडेशन हेतु एमपी ऑनलाइन पर सभी प्रविष्टियों से पूरी तरह भरे हुए आवेदन पत्र अपलोड करने की अवधि | दिनांक 15.02.2026 |
| 02 | बिलम्ब शुल्क रु.20.000 / – (बीस हजार मात्र) सहित आवेदन करने की अंतिम तिथि | दिनांक 10.03.2026 |
| 03 | संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा दल गठित कर छानबीन करने के उपरांत नवीन मान्यता प्रकरणों / नवीनीकरण प्रकरणों / अपग्रेडेशन किये जाने के सबंध में निर्णय लेने की अवधि | संबंधित संस्था द्वारा ऑनलाईन आवेदन किए जाने के 15 दिवस की समय सीमा में निर्णय लिया जाए। तदनुसार दिनांक 10.03.2026 को प्राप्त आवेदन के निराकरण हेतु अंतिम तिथि 25.03.2026 होगी। |
| 04 | जिन संस्थाओं के आवेदन संभागीय संयुक्त संचालक स्तर पर निरस्त हुए, उनके द्वारा आयुक्त, लोक शिक्षण को ऑनलाइन अपील की अवधि | आवेदन निरस्तीकरण दिनांक से एक माह की समय सीमा में अपील। तदनुसार दिनांक 25.03.2026 को निरस्त आवेदन हेतु अपील की अंतिम तिथि 25.04.2026 होगी। |
| 05 | आयुक्त, लोक शिक्षण द्वारा नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के प्रकरणों में ऑनलाइन प्राप्त अपील के निराकरण की अवधि | अपील प्राप्ति दिनांक से एक माह की समय सीमा में निराकरण। तदनुसार दिनांक 25.04.2026 को प्राप्त अपील के निराकरण हेतु अंतिम तिथि 25.05.2026 होगी। |

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

(के.के.द्विवेदी)<br>
संचालक<br>
लोक शिक्षण म.प्र.

पृ. क्रमांक / मान्यता / जे / सीबीएसई / 2025 / 62 भोपाल दिनाक 15/01/2026

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, भोपाल ।
2. सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल ।
3. सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल।
4. प्रबंधक संचालक, निक्सी, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक
लोक शिक्षण म.प्र.